**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 27.06.2025**

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही।**
- **थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 24 घंटे में झपटमारी करने वाले 01 नफर अभियुक्त को छीने गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयोग की गयी ईको कार नं0 UP 78 JB 5594 सहित किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 27.06.2025 को थाना शिवली पर मु0अ0सं0 170/2025 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञान के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना शिवली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकाश में आये 01 नफर अभियुक्त विनय कुमार उर्फ नन्दू पुत्र रंजय पाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी चन्दनामऊ थाना सचेण्डी कानपुर नगर को आज दिनांक 27.06.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर मैथा नहर पुलिया पर समय 08.40 बजे दिन में छीने गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयोग की गयी ईको कार नं0 UP 78 JB 5594 सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

विनय कुमार उर्फ नन्दू पुत्र रंजय पाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी चन्दनामऊ थाना सचेण्डी कानपुर नगर।

**गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ का विवरण-** पूछताछ करने पर अभियुक्त विनय कुमार उर्फ नन्दू द्वारा बताया गया कि कल मैं और मेरे दोस्त झकरा सचेण्डी निवासी अर्जुन पुत्र अज्ञात ने शिवली की तरफ जाने पर कन्हैया गेस्ट हाउस के आगे एक आदमी से मोबाइल फोन छीन कर भाग गये थे। शेष अन्य 02 मोबाइल एन्ड्रायड व 02 कीपैड भी हम लोगों ने घूम-घूमकर काफी पहले लोगों से छीना था।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अदद मोबाइल वीवो टी टू प्रो 5-G रंग काला (वादी पक्ष का)
2. 02 अदद मोबाइल की पैड JIO BHARAT SNEXIAN कम्पनी।
3. 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल वीवो व रेडमी कम्पनी।
4. घटना में प्रयुक्त ईको मारूती कार नं0 UP 78 JB 5594
5. जामा तलाशी से प्राप्त 570/- रुपये।

**गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम।**